**मध्यप्रदेश शासन**
**लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग**
**मंत्रालय, भोपाल**

**क्रमांक नि.सहा./2024/** 34 **भोपाल दिनांक 27.10.2024**

प्रति,

कलेक्टर,
जिला राजगढ़, रतलाम, मंदसौर, नीमच, सिवनी, ग्वालियर, शिवपुरी एवं खण्डवा।

**विषय :— दिनांक 29/10/2024 को माननीय प्रधानमंत्री जी के वर्चुअल मुख्य आतिथ्य में होने वाले कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था किए जाने के संबंध में।**

——00——

विषयान्तर्गत अवगत कराया जाता है कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 29.10.2024 को वर्चुअल रूप से 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (PM-JAY) अन्तर्गत शामिल किए जाने की योजना का शुभारंभ किए जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के U-WIN पोर्टल सहित अनेक डिजिटल नवाचारो को भी लॉन्च किया जाएगा ।

इसके अतिरिक्त वर्चुअल रूप से प्रदेश में 03 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों (मंदसौर, नीमच तथा सिवनी) का लोकार्पण तथा 05 शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों (शिवपुरी, रतलाम, खण्डवा, राजगढ़ तथा मंदसौर) व मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर के उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत आपके जिले का निर्माण कार्य भी शामिल है।

**उक्त कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल महोदय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी मंदसौर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित रहेंगे।** इसके अतिरिक्त अन्य जिलो में माननीय मंत्रीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए मुख्य कार्यक्रम के सजीव प्रसारण सहित उक्त कार्यक्रम की गरिमा अनुसार आवश्यक समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।

27.10.24
**(संदीप यादव)**
**प्रमुख सचिव**
**लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा**
**मध्यप्रदेश**

**पृ.क्रमांक नि.सहा./2024/ भोपाल दिनांक 27.10.2024**

**प्रतिलिपि:—**

1. विशेष सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्रीजी, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
2. विशेष सहायक, माननीय राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
3. सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
4. आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
5. अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, राजगढ़, रतलाम, मंदसौर, नीमच, सिवनी, ग्वालियर,शिवपुरी एवं खण्डवा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला राजगढ़, रतलाम, मंदसौर, नीमच, सिवनी, ग्वालियर,शिवपुरी एवं खण्डवा की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. अधीक्षक, मानसिक आरोग्यशाला, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**प्रमुख सचिव**
**लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा**
**मध्यप्रदेश**

AnyScanner